सोने एवं चांदी
आभूषणों
के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

BATTERY ZONE
Mob. 9109013555
Distributors for:
TATA green batteries
सभी कंपनी की बैटरी उपलब्ध है
MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)

वर्ष- 16 अंक - 145 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 09 मार्च 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

छत्तीसगढ़ में होगा उद्यमिता आयोग का गठन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बड़ी घोषणा, युवाओं को मिलेगा कौशल विकाश का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में उद्यमिता आयोग के गठन की घोषणा की है। यह आयोग राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति को मजबूत करेगा और रोजगार सृजन की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इसके तहत युवाओं के कौशल विकास और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने यह घोषणा शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए की। इस अवसर पर उन्होंने मंच की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित पुस्तक स्वदेशी की विकास यात्रा का विमोचन भी किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अब न केवल एक औद्योगिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत कर रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत ञ्च2047 के निर्माण के लिए हमें स्वदेशी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत करता रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत एक विशाल और संपन्न देश है। यहाँ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, और साथ ही हमारे पास विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है। यह हमें न केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार प्रदान करता है, बल्कि नवाचार और औद्योगिकीकरण के लिए भी असीम संभावनाएं खोलता है।

बस्तर क्षेत्र में स्वदेशी उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए स्वदेशी जागरण मंच की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई नीतियों और सुरक्षा बलों के प्रभावी प्रयासों के कारण नक्सलवाद अब बहुत सीमित क्षेत्र में सिमट गया है। अब समय आ गया है कि स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से इन क्षेत्रों में उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएँ, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले और वे नक्सलवाद की ओर न जाने पाएं।

नई औद्योगिक नीतिः रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को प्रदेश की प्राकृतिक संपदा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इस नीति में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है ताकि उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाया जा सके। स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिससे की उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके।

मेक इन इंडिया से आत्मनिर्भर भारत की ओर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया अभियान ने भारत में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों को संरक्षण और समर्थन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज भारत लगभग हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। हमने अपने उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया, उन्हें आवश्यक सुविधाएँ दीं और इसका परिणाम यह हुआ कि हम अब न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूती से उभर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने वैश्विक परिदृश्य में आ रहे बदलावों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में आ रहे परिवर्तनों को देखते हुए स्वदेशी जागरण मंच जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा, श्रेष्ठ उद्यमियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमियों को उद्यमिता प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि युवा और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को सरकार हर संभव सहायता देगी। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम, अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, देश के प्रतिष्ठित उद्यमी, प्रोफेसर, कुलपति, आर्थिक विशेषज्ञ और स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खास-खबर

भूख-प्यास से 19 गायों की मौत, 150 मवेशी बचाए गए : गरियाबंद के कोपरा गौशाला संचालक पर होगी एफआईआर

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में कोपरा गौशाला में 2 महीने में भूख-प्यास से 19 गायों की मौत हो गई। कुछ तो कंकाल में तब्दील हो गईं। मृत गायों को पैरी नदी के किनारे फेंक दिया गया। बदबू फैलने के बाद इसका खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि, चरवाहों और केयर टेकर को पिछले दो महीने से सैलरी नहीं मिली है। इस कारण गौवंश की देखभाल नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे। जांच में पता चला कि, गौशाला में मौजूद 150 मवेशी भी भूख से बेहाल थे। चारा-पानी नहीं मिलने के कारण कई पशु तो खड़े होने की स्थिति में भी नहीं थे। प्रशासन ने गौशाला संचालक मनोज साहू को फटकार लगाई। जिम्मेदार पशु चिकित्सक को भी नोटिस जारी होगा। प्रशासन ने बाकी सभी 150 मवेशियों को रेस्क्यू कर लिया है। जिला प्रशासन अब गौशाला का संचालन दूसरी संस्था को सौंपने की तैयारी कर रहा है। संचालक मनोज साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तापमान फिर 37 के पार, रातें ठंडीः राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा में बढ़ी गर्मी

रायपुर। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं का असर घटते ही गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 37.5एष्ट तक पहुंच चुका है, जबकि कुछ इलाकों में अभी भी हल्की ठंडक बनी हुई है। राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर और बेमेतरा में गर्मी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी. चंद्रा के मुताबिक 13 मार्च तक सूरज के तेवर तीखे रहेंगे। इस दिन कहीं-कहीं बादल छाए रह सकते हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में अब भी ठंड बरकरार है। सरगुजा के बलरामपुर-रामानुजगंज में रात का तापमान केवल 8 डिग्री है।

रायपुर में अधिकतम तापमान 36.5एष्ट दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2एष्ट ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7एष्ट रहा। मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और अगले 24 घंटे में तापमान 36-37एष्ट तक पहुंच सकता है। रायपुर में भी दिनभर गर्मी और रात में हल्की ठंड है। मार्च की शुरुआत के बाद ठंड का असर लगभग पूरी तरह खत्म होना शुरू हो गया था। लोग गर्म कपड़े पहनना बंद कर दिए और दिन में तेज धूप भी चुभने लगी। रायगढ़ में शनिवार की रात को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री दर्ज किया गया।

कोरबा नगर निगम में क्रास वोटिंग : भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को मिली हार, बागी नूतन ठाकुर बने सभापति

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद सभी निकायों में सभापति व उपाध्यक्ष चुनाव चल रहा है। प्रदेश के 10 निगमों में भाजपा के महापौर बने और सभी निगमों में पार्षद भी बहुमत से ज्यादा चुनकर आए। ऐसे में भाजपा के सभापति बनने भी तय थे। लेकिन कोरबा नगर निगम में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। यहां पर सभापति का चुनाव भाजपा के बागी प्रत्याशी ने जीत लिया।

कोरबा निगम में बीजेपी के आधिकारिक प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल चुनाव हार गए हैं। 67 में से 33 पार्षदों ने सभापति के लिए बीजेपी से बागी होकर लड़े नूतन सिंह को वोट दिया है। इस तरह वे नए सभापति बन गए हैं। वहीं, बिलासपुर में विनोद सोनी और चिरमिरी में संतोष कुमार सिंह निर्विरोध सभापति चुने गए हैं। दोनों जगह कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी भी नहीं उतारा। बता दें कि निगम चुनाव 11 फरवरी को हुए और मेयर के नतीजे 15 फरवरी को आए थे।

67 में से 45 भाजपा के पार्षद

कोरबा निगम में 67 पार्षदों में से बीजेपी के 45, कांग्रेस के 11 और निर्दलीय 11 पार्षद ने सभापति के लिए मतदान किया। चुनाव में पार्षद नूतन सिंह ठाकुर जो सभापति चुनाव के लिए बीजेपी के ही बागी बने उन्हें 33 वोट मिल गए। वहीं बीजेपी के आधिकारिक उम्मीदवार हितानंद अग्रवाल को महज 18 वोट मिले। सभापति के लिए एक निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रहमान भी मैदान में थे, उन्हें 16 वोट मिले। बताया जा रहा है कि चुनाव से पहले बीजेपी ने पार्टी पर्यवेक्षक पुरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पार्षदों को मनाने का प्रयास किया। लेकिन नूतन सिंह ठाकुर ने बागी तेवर अपनाते हुए चुनाव लड़ा।

सभापति के लिए मांगी थी टिकट

वर्तमान में पुरानी बस्ती वार्ड-6 से बीजेपी के पार्षद हैं। नवनिर्वाचित सभापति नूतन ठाकुर ने कहा कि, उन्होंने भाजपा से टिकट मांगा था और सभापति बनने की इच्छा थी। लेकिन भाजपा संगठन ने हितानंद अग्रवाल के नाम पर सहमति जताई। इसके बाद मजबूरन उन्हें बागी होकर चुनाव लड़ना पड़ा। इधर सभापति चुनाव के बाद श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि सभी पार्षदों ने नूतन सिंह ठाकुर पर विश्वास जताया है। सभी सभी मिलजुलकर काम करेंगे।

बीएसएफ के दो जवानों ने युवती को जबरन गाड़ी में बैठाया, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बचाया

■ नकली पुलिस बनकर छेड़खानी रहे थे दोनों, एएसपी के निर्देश पर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम को बीएसएफके जवानों ने एक युवती से छेड़छाड़ की और उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक की नजर पड़ी। उसने युवती को बचाने का प्रयास किया तो दोनों ने खुद को पुलिस अफसर बताया। इनकी गाड़ी में नीली बत्तीद लगी थी। इसके बाद युवक ने अपने एक साथी को बुलाया और कुछ देर बाद यातायात के सिपाही भी मौके पर पहुंच गए और दोनों को यातायात टॉवर ले गए। युवती बचाने वाले दोनों युवक एनएसयूआई के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। सुपेला क्षेत्र में पार्क के पास दो व्यक्ति एक लड़की को अपनी गाड़ी में जबरन बिठा रहे थे। वहां से गुजर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता सुखसोनी ने पास जाकर युवती को उनसे छुड़ाने का प्रयास किया। इस पर दोनों ने खुद को पुलिस विभाग के टीआई व उससे भी बड़े पद का बताया और उसे अपना नाम पता देकर भाग जाने कहा। इसके बाद सुखसोनी ने अपने साथी को बुला लिया। इस दौरान वहां ट्रैफिक के दो सिपाही भी पहुंच गए। एएसपी ऋचा मिश्रा के निर्देश पर दोनों को ट्रैफिक टावर नेहरू नगर ले जाया गया। इसके बाद आरोपियों को सुपेला पुलिस को बुलाकर हैंडओवर कर दिया गया।

नीली बत्ती लगी गाड़ी में घूम रहे थे दोनों

सुपेला पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी बीएसएफके जवान हैं और इनका हेडक्वार्टर कांकेर है। जिस गाड़ी में वो नीली बत्ती लगी गाड़ी में दोनों घूम रहे थे। जांच के दौरान गाड़ी के अंदर अंग्रेजी और देसी शराब की बोतल सहित कोल्ड ड्रिंक्स भी मिला है। दोनों जवान नशे में धुत थे और बताया जा रहा है कुछ और लड़कियों को भी रोक कर पूछताछ कर रहे थे। फिलहाल सुपेला पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

सुकमा-बीजापुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की छापेमारी, डीएफओ सहायक आयुक्त समेत कई कारोबारियों के यहां कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिले में अलग-अलग स्थानों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) की छापेमारी की है। ऐसी जानकारी मिल रही है कि बीजापुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त आनंद जी सिंह के घर पर एसीबी की टीम ने जगदलपुर स्थित तीन ठिकानों पर दबिश दी।

वहीं, सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा में स्थित मकान में भी एसीबी की टीम ने छापेमारी की है। इसके अलावा उनके दो रिश्तेदार के घर बैलाबाजार और धरमपुरा के एक और मकान में भी एसीबी की टीम पहुंची। उधर, सुकमा जिले के कई ठिकानों में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। सुकमा के डीएफओ समेत कई कारोबारियों के ठिकानों में एसीबी की टीम की छापेमारी चल रही है। सुकमा जिले के कोंटा और छिंदगढ़ ब्लॉक में कई ठिकानों में पूछताछ जारी है।

अवैध संबंध के शक में सगे देवर ने भाभी की कर दी गला दबाकर हत्या

बिलासपुर में खाट पर बंधी मिली लाश, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में देवर ने भाभी की हत्या कर दी। खाट पर महिला की बंधी हुई लाश मिली है। वारदात के बाद देवर ने अपनी बेटी को कॉल कर कहा कि, तुम्हारी बड़ी मां ने गलत किया। इसलिए उसे मार डाला। अब वो आत्महत्या कर लेगा। उसकी तलाश मत करना। घटना सीपत थाना इलाके की है। बताया जा रहा है कि, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि, खैरा गांव की रहने वाली राजकुमारी बर्मन (38) की शादी तेलसरा में रहने वाले रामलाल बर्मन से हुई थी। रामलाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार को महिला का देवर सूरज बृजवासी घर आया था। दोपहर को बच्चे स्कूल चले गए। तब वो घर पर ही था। जब स्कूल से बच्चे घर आए, तो उनकी मां का शव खाट पर बंधा हुआ था। उसके गले में गमछा बंधा था। बच्चों ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि, सूरज ने अपनी बेटी को कॉल किया था। उसने अपनी बेटी से कहा कि, तुम्हारी बड़ी मां ने गलत किया था। इस कारण उसकी हत्या कर दी है। अब मैं भी आत्महत्या कर लूंगा। मेरी तलाश मत करना। फिर फोन काट दिया।

हत्या के बाद दोस्त को कॉल कर बताया आखिरी कॉल है

अपनी भाभी की हत्या के बाद सूरज ने अपने एक दोस्त को भी कॉल किया था। उसने दोस्त से कहा कि, वह उससे आखिरी बार बात कर रहा है। इसके बाद उसके पास कोई कॉल नहीं आएगा। दोस्त ने जब उससे बात करनी चाही तो कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। इधर घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलसि ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पूरा हत्याकांड अवैध संबंध के शक में होने की बात कही जा रही है।

मध्यप्रदेश में फिर गूंजी तालियों की गड़गड़ाहट

श्रीकंचनपथ

- दीपक रंजन दास

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक घोषणा की। जैसा कि अपेक्षित था, तालियों से इस योजना का स्वागत किया गया। घोषणा यह है कि मध्यप्रदेश सरकार ऐसा कानून लेकर आएगी जिसमें धर्मांतरण कराने वाले को फांसी पर लटकाया जा सकेगा। अर्थात धर्मांतरण अब जघन्य अपराधों में शामिल हो जाएगा। वैसे अब तक फांसी केवल रेयरेस्ट-ऑफ-रेयर केस में ही दी जाती है। वैसे भारत का संविधान अपने नागरिकों को अपनी इच्छा के अनुसार धर्म चुनने की इजाजत देता है। प्रलोभन और जबरिया धर्मांतरण पहले ही अपराध की श्रेणी में आता है। इसकी रोकथाम और सजा के लिए केन्द्र का कानून है जो पूरे देश पर लागू होता है। धर्मांतरण एक बड़ा भावनात्मक राजनीतिक मुद्दा है। जिन्हें इसके बारे में कुछ पता नहीं, जिनके आसपास ऐसी कोई घटना कभी हुई नहीं वह भी तैश में आ जाता है। तलाक को लेकर भी ऐसी ही धारणा है। देश में तलाक के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें सभी धर्म, पंथ और सम्प्रदाय के लोग शामिल हैं। स्वाभाविक रूप से इसमें सबसे बड़ी संख्या हिन्दुओं की है। नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे के मुताबिक पिछले पांच सालों में विवाह विच्छेद के मामलों में 35 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूनाइटेड नेशंस की तरफ से जारी रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक भारत में डिवोर्स के मामले पिछले कुछ सालों में लगभग दोगुने हो चुके हैं। साल 2005 में ये दर 0 ।6 प्रतिशत थी, जो 2019 में बढ़कर 1 ।1 प्रतिशत तक पहुंच गई। चिंता का विषय तो यह होना चाहिए था। बहरहाल, बात मध्यप्रदेश की हो रही थी। मप्र सरकार ने 2021 में ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाया था जिसमें अब वह संशोधन करने जा रही है। हालांकि इसकी प्रक्रिया लंबी होगी पर इसके साथ ही धर्मांतरण पर मृत्युदंड देने वाला वह पहला राज्य बन जाएगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एडवोकेट डॉ। विनय हसवानी कहते हैं कि दूसरे राज्यों ने भी कानून बनाकर उम्रकैद जैसे सख्त प्रावधान किए हैं। सीनियर एडवोकेट सचिन वर्मा भी कहते हैं कि जबरन धर्मांतरण पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जा सकता है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट विवेक तन्खा कहते हैं कि संवैधानिक और कानूनी तौर पर ये संभव ही नहीं है। यह पार्टी नेताओं को खुश करने के लिए दिया गया बयान है। वैसे भारत के 28 में से 11 राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून मजूद हैं। ये राज्य हैं ञ्च ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, झारखंड, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश। राजस्थान भी इस दिशा में भी जल्द ही यह अस्तित्व में आ सकता है। धर्मांतरण पर अब तक का सबसे कठोर कानून उत्तर प्रदेश का है। यहां धर्मांतरण करवाने वाले को उम्र कैद की सजा दी जा सकती है। फांसी की सजा अब तक केवल जघन्यतम मामलों में ही दी जाती है जिसमें छोटी बच्चियों का बलात्कार, सामूहिक बलात्कार या हत्या, आदि शामिल हैं।

Digital Display Board
एलईडी स्क्रीन वॉल :-
दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, चांपा, मुंगेली
एलईडी टी.वी. :-
रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग रेलवे स्टेशनों में
360° रोटेड एलईडी, स्क्रीन वैन
छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में
19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासुपर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

संपादकीय

रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली' जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी।

> खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के %लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है?

हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।

कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

तय है, हम एक नई विश्व-व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें जानलेवा क्षेत्रीय संघर्षों, बगावतों और दहशतगर्दी की प्रवृत्तियों में इजाफा हो सकता है। इससे हथियारों की होड़ बढ़ेगी और जन-कल्याण पर खर्च होने वाले धन में कटौती होगी।

अमेरिका अब आसरा नहीं रहा

शशि शेखर

'जब आप शैतान से कोई समझौता करते हैं, तो वह अपना बकाया वसूलने पलटकर जरूर आता है।' काश! तीन बरस पहले अमेरिका के भरोसे रूस को आंखें दिखाते वक्त वोलोदिमीर जेलेंस्की को यह सीख याद आई होती, तो आज उनकी और उनके देशवासियों की यह दुर्दशा न होती। यूक्रेन के लोग रूस और अमेरिका, दोनों के छल का शिकार हुए हैं, लेकिन आज की चर्चा अमेरिका के बदले रुख-रवैये पर। इसने समूची दुनिया को झिंझोड़कर रख दिया है।

बीते 5 मार्च को 'एड्रेस टु द नेशन' में ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको, कनाडा और चीन के बाद वह अब भारत, ब्राजील सहित कई देशों पर उतना ही सीमा शुल्क लागू करेंगे, जितना वे अमेरिका से वसूलते रहे हैं। उम्मीद के अनुरूप इन देशों ने तत्काल पलटवार किया और शेयर बाजारों में इसकी विपरीत प्रतिक्रिया हुई। विश्व भर के निवेशकों को अपने अरबों डॉलर डूबते नजर आने लगे। इससे मची चिल्ल-पों से सकते में आए डोनाल्ड ट्रंप ने तीन देशों पर थोपे गए कर-युद्ध को 2 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है, पर कयास कायम है, बकरे की मां भला कब तक खैर मनाएगी?

यही वजह है कि तमाम अर्थशास्त्री मुनादी कर रहे हैं कि ट्रंप साहब यदि 2 अप्रैल को अपनी जिद पूरी कर लेते हैं, तो दुनिया के बाजार मंदी की मार से बेहाल हो जाएंगे। मंदी आएगी या नहीं, आएगी तो कितनी और कब तक उसका कहर कायम रहेगा? इन सवालों के निश्चित जवाब भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन इतना तय है कि आने वाले महीने निम्न मध्यवर्ग और निचले तबकों पर भारी पड़ने वाले हैं। अप्रैल में अगर कर-युद्ध शुरू हो गया, तो महंगाई नई पींगें भर सकती है।

अब तक व्यापारिक संरक्षणवाद की मुखालफत करने वाले अमेरिका का यह रवैया क्या संरक्षणवाद को आगे बढ़ाने वाला नहीं है?

ट्रंप को नजदीक से जानने वाले उन्हें हमेशा से संरक्षणवादी और साम्राज्यवादी मानते हैं। उन्होंने जिस तरह मेक्सिको खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के लिए दबाव बनाया, क्या वह उनकी साम्राज्यवादी सोच को उजागर नहीं करता है? इससे पहले वह कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धौंस दे चुके हैं। जस्टिन ट्रूडो को यदा-कदा कनाडा का गवर्नर बताते हुए उनकी खिल्ली उड़ाना भी यही जाहिर करता है।

यहां सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड पर कोई सामरिक कार्रवाई करने का साहस करेंगे? अगर आंशिक तौर पर भी ऐसा होता है, तो फिर चीन को ताइवान और भारत को पाक अधिकृत कश्मीर संबंधी अपनी आकांक्षा पूरी करने से कौन रोक सकता है? आप चाहें, तो यहां भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान पर नजर डाल सकते हैं। लंदन के चैथम हाउस में एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब यह वापसी हो जाएगी, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर समस्या का समाधान हो जाएगा।'

तय है, ये दिन मौजूदा विश्व व्यवस्था में बड़े उलटफेर के लिए याद किए जाएंगे। हालांकि, दुनिया के निजाम में दरकन का आरंभ सन् 1991 में उसी वक्त हो गया था, जब इराक पर अमेरिका और उसके मित्र देशों ने हमला बोल दिया था। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ सहित दुनिया के तमाम संगठनों ने इन ताकतवर देशों के सामने घुटने टेक दिए थे। कुछ बरस बाद अफगानिस्तान में यही खूनी खेल दोहराया गया। दोनों ही देशों में स्थानीय जनता से लोकतंत्र, समता और बंधुत्व के तमाम वायदे किए गए, लेकिन अपना मतलब निकल जाने के बाद उन्हें अधर में छोड़कर अमेरिकी फौजें स्वदेश कूच कर गईं। अफगानिस्तान में तो तालिबान ने सात हजार से अधिक उन दुभाषियों को मार डाला, जो मित्र देशों की फौज को भाषायी सहायता मुहैया कराते थे। इनमें से बहुतों को अमेरिकी नागरिकता का प्रलोभन भी दिया गया था।

बाद में यूक्रेन पर रूस के हमले और इजरायल के गाजा नरसंहार से यह तय हो गया कि ये विश्व संस्थाएं, जो 1945 से अब तक अमेरिकी सरपरस्ती में स्वतंत्रता, संप्रभुता और मानवीय गरिमा के पक्ष में काम कर रही थीं, दम तोड़ रही हैं। वैसे भी, ट्रंप की अगुवाई वाला अमेरिका अब एक-एक करके ऐसी तमाम संस्थाओं से मुक्ति पाना चाहता है, जो उसकी अकूत सामरिक और आर्थिक इमदाद से चल रही हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि जिन मित्र देशों ने अमेरिका का द्वितीय विश्व युद्ध से अब तक साथ दिया, वे आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिकी उप-राष्ट्रपति ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान जिस तरह यूरोपीय शीर्ष नेताओं को उनके मुंह पर खरी-खोटी सुनाई, वह विश्व कूटनीति के जानकारों के लिए अचंभा था। उम्मीद के अनुरूप इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद व्हाइट हाउस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ ट्रंप की नोकझोंक भी अभूतपूर्व थी। पिछले हफ्ते यूक्रेन के सदर वोलोदिमीर जेलेंस्की को जिस अंदाज में जलील कर 'ओवल ऑफिस' से बाहर निकाला गया, उसे इतिहास उन पन्नों में दर्ज करेगा, जहां मेमनों के प्रति भेड़ियों के निर्मम व्यवहार की गाथाएं लिखी हुई हैं।

कीव लौटकर मजबूर जेलेंस्की ने ट्रंप के समक्ष समर्पण कर दिया। अब यूक्रेन की खनिज संपदा पर अमेरिका का भी हक होगा। सवाल उठ रहे हैं कि क्या समझौते के बाद रूस कब्जा की हुई जमीन यूक्रेन को वापस लौटाएगा? यदि लौटाएगा, तो कितनी? अगर मॉस्को की हुकूमत यूक्रेन के 20 फीसदी हिस्से पर भी कायम रह बचती है, तो क्रीमिया को यूक्रेन से अलग करने के बाद यह रूसी साम्राज्यवाद की दूसरी विजय होगी। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि तीन वर्ष की इस जानलेवा जंग का हासिल क्या रहा? क्यों 43,000 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई और लाखों लोगों को जलालत और जलावतनी का शिकार होना पड़ा?

यूक्रेन की इस जंग में अमेरिका के साथ यूरोप के देश भी आहुति दे रहे थे। इन घटनाओं ने इस महाद्वीप को झिंझोड़कर रख दिया है। यह एक खुला तथ्य है कि इराक और अफगानिस्तान के सैन्य अभियानों में नाटो की मदद से अमेरिका दुनिया में अपनी चौधराहट को कायम रख सका। अफगानिस्तान में उसके अगर 2,400 से अधिक फौजी शहीद हुए, तो ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस और इटली के 1,100 से अधिक जवानों ने अपनी बलि चढ़ाई। आज जब इनको धमकाया जा रहा है, तो सवाल उठता है कि भला इनकी इराक और अफगानिस्तान से क्या दुश्मनी थी? यूरोप को यह भी मलाल है कि उसने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भले ही अपनी साख को कायम रखा, पर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के मामले में उन्होंने अमेरिका के लिए खुला मैदान छोड़कर भारी भूल की। अब वे अपनी तमाम गफलतों से मुक्ति पाने के उपाय खोज रहे हैं।

तय है, हम एक नई विश्व-व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें जानलेवा क्षेत्रीय संघर्षों, बगावतों और दहशतगर्दी की प्रवृत्तियों में इजाफा हो सकता है। इससे हथियारों की होड़ बढ़ेगी और जन-कल्याण पर खर्च होने वाले धन में कटौती होगी। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि क्या 1990 के दशक से स्थापित हुए अमेरिकी शैली के पूंजीवाद का यही हासिल है?

राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : नारी शक्ति को प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'रिस्पेक्ट इंडिया' द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित कार्यक्रम प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह के लिए 13 महिलाओं का चयन किया गया था। जूरी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय पर्यटन मंत्री के.जे. अल्फोंस रहे।

इस मौके पर शिक्षा, कला-संस्कृति, खेल, प्रशासन, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा, विधि, कृषि आदि क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान के लिए महिलाओं को प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया। इनमें केन्या उच्चायुक्त मैरी मुटुको, कैमरून उच्चायुक्त मेपोन सिल्वी मिचेल एप्स टीएक मैंबो, सचिव, उक्रेन दूतावास ओलेना इलचूक, पदम् श्री राजकुमारी देवी उर्फ किसान चाची (महिला उद्यमी) प्रो. रजनी अब्बी (राजनीति), किरण चोपड़ा (मीडिया), तन्वी मोपलवार (युवा उद्यमी) डॉ. गुंजन गुप्ता (चिकित्सा), डॉ. मीनाक्षी (शिक्षा), स्वरूपमा चतुर्वेदी (विधि), लक्ष्मी अग्रवाल (सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज सिंह, सागरिका बनर्जी (कला) एवं नसरीन शेख (खेल) शामिल हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह रहे। सिक्किम के पूर्व राज्यपाल अध्यक्षता बाल्मीकि प्रसाद सिंह ने अध्यक्षता की, जबकि विशिष्ट अतिथि पदम् श्री डॉ. यश गुलाटी, बिनोद कुमार (आईसीएएस), राजेश कुमार (सीनियर वाईस प्रेजिडेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज) डॉ. निर्मल गहलोत अध्यक्ष (रिस्पेक्ट इंडिया) थे।

स्टार्टअप के लिए 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का पंजीकरण : गिरिराज सिंह: इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारे डीएनए में महिला सशक्तिकरण सदैव हावी रहा है। स्टार्टअप के लिए 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का पंजीकरण हुआ है। महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। मोदी सरकार महिला विकास, सुरक्षा और अवसर को लेकर प्रतिबद्ध है। राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र के समग्र विकास मे नारी शक्ति का बराबर का योगदान है। आने वाले समय मे महिलाओं की भूमिका और रचनात्मक होगी। इस दौरान पूर्व राज्यपाल बीपी सिंह ने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में भी भारतीय महिलाएं इतिहास रच रही हैं। डॉ. यश गुलाटी ने कहा की सजग और समर्थ स्त्री नए भारत की आधारशिला हैं। विनोद कुमार ने कहा की स्त्री सभ्यता और संस्कृति की शिल्पकार हैं द्ध रिस्पेक्ट इंडिया के अध्यक्ष डॉ. निर्मल गहलोत ने समाज में महिलाओं की समानता और सक्रियता को आदर्श समाज के लिए जरुरी बतलाया

मनमोहक प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया: कार्यक्रम का आयोजन 'विकल्प आहार' के सहयोग से आयोजित किया। इस मौके पर दौलत राम कॉलेज की टीम अनहद ने संगीतमय नृत्य प्रस्तुत किया। नर्तकी लावण्या ने कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। आगत अतिथियों के प्रति आभार रिस्पेक्ट इंडिया के महासचिव डॉ. मनीष के चौधरी ने दिया।

आम हिंदुओं के निशाने पर समूचा विपक्ष

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे।

पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं।



वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक

पर्वतों से ग्लेशियर के टूटने का सिलसिला कब टूटेगा

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम से तीन किलोमीटर दूर माणा गांव के समीप हिमस्खलन हादसे की चपेट में आई आठ जिंदगियों को बचाया न जा सका। इसके पहले 7 फरवरी, 2021 को चमोली जिले में ही रैणी व तपोवन क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से जल प्रलय आया था। तब 'ग्लेशियर बर्स्ट' जैसे शब्द का उपयोग किया गया था। मीडिया सनसनी के लिए शायद ग्लेशियर बर्स्ट शब्द ठीक है, परंतु वैज्ञानिक शब्दावली में इसका खास उल्लेख नहीं है। ग्लेशियर को समझना जरूरी है।

दशकों से यह खबर हम सभी सुनते आ रहे हैं कि हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। अमेरिका की एक एजेंसी तो पूरे हिंदुकुश हिमालय पर ही जलवायु-परिवर्तन के खतरों से आगाह कर चुकी है। सब जानते हैं कि इन्हीं ग्लेशियरों के कारण हिमालय को जल मीनार भी कहा जाता है। यह वैज्ञानिक राय स्पष्ट है कि सर्दियों में पर्वतों पर बर्फको जमने देना चाहिए, पर शीतकाल में भी उन पहाड़ों पर भारी मशीनी कार्य हो रहे हैं, जिन पर ग्लेशियर टिके हैं। यह बहुत चिंताजनक है। अत: इसे मानव उत्प्रेरित त्रासदी भी कहा जा सकता है। यही नहीं, दशकों से यह पूरी तरह संज्ञान में है कि ग्लेशियरों के भीतर झीलें बढ़ रही हैं, जिनकी परिधियां जब टूट जाती हैं, तो भारी तबाही लाती हैं, तब भी विशेषकर उत्तराखंड में ग्लेशियर के प्रति संवेदना न जागना चिंताजनक है।

ग्लेशियर तो खुद पर्यावरण की मार खाए हुए हैं। सदैव गतिमान रहना उनका स्वभाव है। ग्लेशियर जब प्राकृतिक रूप से किसी पहाड़ के किनारे पहुंचते हैं, तो वहां लटके या झूलते रहते हैं व कभी टूट कर गुरुत्वाकर्षण शक्ति के वशीभूत हो जाते हैं। उनके नीचे नदियां हों, तो उन पर गिरेंगे। बस्तियां होंगी, तो उन पर गिरेंगे। इसमें ग्लेशियरों का क्या दोष? पहली क्षति उनको ही होती है, एक हादसे में उनका बहुत कुछ सदा के लिए समाप्त हो जाता है। जब हादसा हो जाता है, तब बयानबाजी होती है, अन्यथा कमाई करने के नाम पर चाहे पर्यटकों से हों या तीर्थयात्रियों से हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में कंपन पैदा करने वाले निर्माण कार्य जारी रहते हैं।

पवित्र चार धाम- बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री ग्लेशियर के अंचल में ही स्थित हैं। इन सभी धाम में लाखों लोग पहुंचते हैं। हजारों वाहन आते हैं। हवाई परिवहन भी बढ़ रहा है। यहां सीमेंट-सरिया से भी शहरीकरण हो रहा है। नतीजा यह कि ग्लेशियर साल-दर-साल घटते जा रहे हैं। वैश्विक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन से खतरे बढ़ते जा रहे हैं। सहज ही यह सवाल पैदा होता है कि क्या राज्य सरकार ग्लेशियर के बचाव के लिए कुछ कर सकती है? ग्लेशियर को बचाने की पहल किसे करनी चाहिए और क्या वाकई ग्लेशियर की चिंता कोई कर रहा है? हर हादसे के बाद ऐसे सवाल खड़े होते हैं और समय के साथ शांत हो जाते हैं।

उपाय क्या है? जिन चट्टानों पर ग्लेशियर टिके हों, वहां किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। तापक्रम बढ़ने से ग्लेशियर का पिघलना सामान्य बात है, लेकिन उन पर गिरने वाली बर्फसे भरपाई होती रहे, तो उनका संतुलन बना रहता है।

साल 2018 में बेंगलुरु के जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले एक संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 सेंटीग्रेट बढ़ गया है। वहां सर्दियां भी लगातार गर्म हो रही हैं। यथार्थ यह है कि हिमालय के ग्लेशियर विश्व के जलवायु के संकेतक हैं। क्या इन संकेतकों पर ठीक से गौर किया जा रहा है? बिजली उत्पादन, औद्योगिकीकरण, परिवहन, पर्यटन, तीर्थाटन के नाम पर ग्लेशियर क्षेत्रों तक भीड़ व गतिविधियां बढ़ रही हैं। ये दुर्लभ पर्वतीय क्षेत्र महज आमोद-प्रमोद के लिए नहीं हैं। इन पर्वतों और ग्लेशियर को स्वस्थ रहने देना चाहिए। गंगा, यमुना जैसी नदियों और हिमालय को जीवित इंसान की तरह मानना हम कब शुरू करेंगे?

मैं 1970 के दशक में बदरीनाथ से माणा तक हुए भू-भौतिकीय सर्वेक्षण में शामिल रहा था और तब भी यह संवेदनशील क्षेत्र था। आज व्यावसायिक हित इतना हावी हो गया है कि माणा को टूरिस्ट हब बना दिया गया है। स्थानीय सजग लोग भी मानते हैं कि वास्तविक चिंताओं और खतरों की अनदेखी हो रही है। क्या ताजा हादसे के बाद अनदेखी का सिलसिला टूटने वाला है?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

KJ कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 ,आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

विशाल ज्वेलर्स
BIS - 916
100% Hallmarked
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

खास खबर

ग्राम तिरगा में भाजपा समर्पित पंच सुखितराम ढीमर बनें निर्विरोध उपसरपंच

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण जनपद पंचायत विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तिरगा का उपसरपंच सभी की सहमति से सुखितराम ढीमर को बनाया गया। पंचगण गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डिलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमिन देशमुख, कंचन देशमुख,गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख और सरपंच व पंचों ने अपने पद का निर्वहन सत्य निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के गांव को एकजुट लेकर चलाने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने, शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर अपने ग्राम पंचायत में शांति सद्भावना व भाईचारा के भावना लोगों में स्थापित हो। इस अवसर पर मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, देवीसिंह ठाकुर,दिलीप देशमुख, युवराज देशमुख, शंभू देशमुख, निर्भय बेलचंदन, लक्ष्मण ठाकुर और सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिको ने नव निर्वाचित पार्षद जितेंद्र ताम्रकार का किया सम्मान

दुर्ग। वरिष्ठ नागरिक शिक्षक नगर एवं सर्वपल्ली राधाकृष्ण गार्डन के सदस्यों द्वारा किल्लामंदिर वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद जितेंद्र ताम्रकार (बाबू) का सम्मान किया। जितेंद्र ताम्रकार वार्ड नं 07 से पार्षद निर्वाचित होने पर वार्ड नं 07 स्थित सर्वपल्ली राधा कृष्णन गार्डन के संरक्षक वरिष्ठ नागरिक गण शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही तुलसी के पौधा गार्डन में लगाया गया। उक्त अवसर पर गार्डन में पानी की समस्या पर एवं गार्डन की सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा किया गया । जितेंद्र ताम्रकार बाबू ने कहा कि गार्डन के सौंदर्यीकरण, बच्चों के खेलने के लिए गार्डन को और आकर्षक एवं पानी की व्यवस्था के लिए नगर निगम का ध्यानाकर्षण किया जाएगा । इस दौरान डॉ निर्वाण तिवारी, नरेंद्र कुमार ताम्रकार, आर के शर्मा, देवानंद ताम्रकार, सुदर्शन महलवार, दिलीप कसेर, राजेंद्र वैष्णव आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की सुरक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा

दुर्ग। सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय दुर्ग में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तत्वाधान में महिलाओं के अधिकारों, दायित्वों को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता नवीन तिवारी, जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटी.एस.सी. दुर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुजाता अय्यर ने महिलाओं की सुरक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यकम एवं जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने समाज में महिलाओं के योगदान के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अगवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकारों, दायित्वों की जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निगम महिला कर्मचारियों का किया सम्मान

महिलाएं दुर्ग शहर को विकसित बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें : महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम विवेकानंद सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रजनी बघेल,अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार, विशिष्ट अतिथि गौरी कौशिक ने कार्यक्रम का शैल चित्र माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतरी में माल्यर्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया किया।कार्यक्रम में मनीष मेहदी ग्रुप द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

Durg, Chhattisgarh 2025.03.08 14:22

महापौर अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियो को समी का पौधा देकर सम्मान किया।शहर महापौर के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने वाली महिलाओं का महिला दिवस के अवसर पर समी का पौधा उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम एवं शहरी आजीविका मिशन महिला कर्मचारियों का समाजसेवी रजनी बघेल,महापौर अलका बाघमार, समाज सेवी गौरी कौशिक ने बारी बारी महिलाओं के पास जाकर कर्मचारी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित कर महिला दिवस की हार्दिक बधाईयां दी।कार्यक्रम में शहरी आजीविका मिशन द्वारा जागरूक हेतु आयुष्मान भारत व स्वच्छता को लेकर बेहतर नाटक प्रदर्शन किया। महापौर अलका बाघमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारी/ कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम द्वारस शहर क्षेत्र के 22 महिला पार्षदो को उपहार देकर सम्मान किया गया।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी दुर्ग शहर को सुन्दर, सुव्यवस्थित,विकसित बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें।महापौर श्रीमती अलका बाघमर ने कहा हौसलों को उड़ान देना है तो बेटियों को करें शिक्षित।उन्होंने कहा महिला दिवस पर देश की महिलाओं को संदेश देते हुए एक नारी अगर कुछ ठान ले तो उसे पूरा करके ही दम लेती है। चाहे परिस्थितियां कितनी ही विपरीत क्यों ना हो। समाज सेवी रजनी बघेल ने कहा शक्ति, समृद्धि और समर्पण का प्रतीक है 'नारी।पूरे विश्व में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत महत्व दिया जाता है।समाज सेवी श्रीमती गौरी कौशिक ने कहा महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए 8 मार्च को संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। किसी भी देश की प्रगति के लिए जरूरी है उस देश की आर्थिक, राजनितिक और सामाजिक क्षेत्रो में महिलाओ की भूमिकाएं बिना महिलाओं के योगदान के कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता।कार्यक्रम में एडिशनल एस.पी. ऋचा मिश्रा,डॉ. हंसा शुक्ला डॉ सावंत, डॉ मानशी गुलाटी,पूजा जैन,पायल जैन एवं श्रीमती संचेती ने अतिथि के रूप में संबोधित किया।

इस दौरान महिला पार्षद लीना दिनेश देवांगन ललिता ठाकुर सुरुचि उमरे,रंजीता प्रमोद पाटिल, सावित्री देवी दमाहे, विद्यावती सिंह, पायल अनुप पाटिल,श्रीमती मनीषा सोनी, ममता ओमकार सेन, श्रीमती बबीता गुड्डू यादव, श्रीमती हर्षिका संभव जैन,श्रीमती शशि बाई साहू श्रीमती प्रतिभा सुरेश गुप्ता,श्रीमती सरिता विनोद चंद्राकर श्रीमती रुबीना हमीद खोखर,श्रीमती लोकेश्वरी ठाकुर,श्रीमती रेखा बंजारे, श्रीमती सविता साहू,श्रीमती हिरौदी चंदानिया,श्रीमती रेशम सोनकर,श्रीमती नीरा खिचरिया के अलावा गायत्री वर्मा,जयश्री राजपूत,बानी सोनी, मौजूद रही कार्यक्रम में नोडल अधिकारी व उपायुक्त मोहन्द्र साहू कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,कार्यक्रम का मंच संचालन ममता धुर्वे,प्राची ठक्कर एवं सहायक अभियंता गिरीश दीवान ने किया ।

पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाएं भारत को समृद्ध बनाएंगी: सरोज पाण्डेय

श्रीकंचनपथ न्यूज

शैलदेवी महाविद्यालय
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला के शैलदेवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उपस्थित नारीशक्ति से संवाद किया।

इस अवसर पर समस्त नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है, राजनीति हो, विज्ञान हो, खेल हो या फिर कला और व्यापार हर जगह महिलाएं आगे बढ़कर सफल कार्य कर रही हैं। आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी महिला सशक्तिकरण पर लगातार ज़ोर देते आ रहे उन्होंने महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्न आरक्षण सुनिश्चित किया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिससे आज भारत में महिलाओं का राजनीतिक,आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से बहन-बेटियों का शैक्षणिक सशक्तिकरण भी हो रहा है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देती हूं जिनके नेतृत्व में महिलाएं भारत को समृद्ध बनाएंगी।

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की सभी बहनों को शुभकामनाएं देती हूं और आप सभी से आग्रह करती हूं आज के दिन हम सब मिलकर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए संकल्पित हों, ताकि वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार कर सकें।

टैक्स जमा नहीं करने पर 5 घरों का नल कनेक्शन कटा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। बार बार नोटिस दिए जाने के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है।आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर टीम डुंडेरा पहुंची। यहां पर 5 घरों में पेय जल आपूर्ति के लिए दिए कनेक्शन विच्छेद की प्रक्रिया पूरी की गई।

रिसाली निगम संपत्ति कर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि जल कर और संपत्तिकर समेत यूजर चार्ज की राशि कई लोग निर्धारित समय पर जमा नहीं करते। राशि जमा नहीं करने पर नोटिस भी दिया गया। समय पर राशि जमा नहीं करने की वजह से राशि हजारों में पहुंच गई है। वसूली के लिए समय भी दिया गया। इसके बाद भी करदाताओं द्वारा हठ धर्मिता किए जाने पर डुंडेरा के दो वार्डो में नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की गई। टीम के सदस्यों ने लोकेश्वर प्रसाद साहू, राजू लाल,खेमू राम साहू, जोईधो राम व कृष्ण कुमार के घर में दिए पेय जल आपूर्ति बंद की गई। राधेश्याम कोर्राम 33600, येशु राम देशमुख 33600, राम नारायण 15000, प्रमोद कुमार 14400, समेत केकती बाई को 8058 रुपए जमा करने की मोहलत दी गई है।

ब्राह्मण मित्र सखी का महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ब्राह्मण मित्र सखी भिलाई ने सेक्टर 8 सुनिधि उद्यान में महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण मित्र सखीयां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर, फूलों की होली मनाई गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ पुलिस की महिला पेट्रोलिंग कर्मीदल ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की और महिलाओं को आत्मरक्षक के टिप्स दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक था।

इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकें। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था।

हमें उम्मीद है कि इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया होगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया होगा।

बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में हेमचंद विश्वविद्यालय के 6 खिलाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शंकराचार्य संस्कृत यूनिवर्सिटी एर्नाकुलम केरला में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 9 मार्च 2025 को आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी से कोच एवं मैनेजर के रूप में बेमेतरा सहकारिता विभाग में सीनियर इंस्पेक्टर के रूप में पदस्थ महेंद्र कुमार टेकाम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निम्नलिखित खिलाड़ियों 60, किलोग्राम वर्ग में आशीष लांजी, विक्रम कुमार,65 किलोग्राम वर्ग में मनोज सिंह, 70 किलोग्राम वर्ग में आदर्श महापात्र , 75 किलोग्राम वर्ग में शैलेश कुमार मौर्य , एवं 85 किलोग्राम वर्ग में आकाश कुमार सिंह सहित 6 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं यह प्रतियोगिता इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन मुंबई के सहयोग से की जा रही है तथा इस प्रतियोगिता में सेक्रेटरी जनरल वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग संगठन एवं इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे भी भाग ले रहे हैं इस आशा की जानकारी इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के सेलेक्शन कमेटी के सेक्रेटरी अरविंद सिंह ने दी है।

वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत- 2025 में 459976 मामले निराकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा डॉ. प्रज्ञा पचौरी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा तथा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग राजस्व न्यायालय दुर्ग एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर प्रात: 10.30 बजे किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अलावा जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में कुल 32 खण्डपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय दुर्ग हेतु 03 खण्डपीठ, जिला न्यायालय दुर्ग हेतु 23, तहसील व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 में 01 खण्डपीठ, तहसील व्यवहार न्यायालय पाटन हेतु 02 खण्डपीठ, तहसील व्यवहार न्यायालय धमधा में 01 खण्डपीठ, किशोर न्याय बोर्ड हेतु 01 तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के लिए 01 खण्डपीठ का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी प्रकरण का निराकरण हेतु खण्डपीठ का गठन किया गया था।

उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग/वित्तीय संस्था, विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (विवाद पूर्व प्रकरण) का निराकरण भी किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के आपसी राजीनामा से प्रकरण का शीघ्र निराकरण होता है, इसमें न तो किसी की हार होती है न ही किसी की जीत होती है। आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में आने वाले पक्षकारों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे उक्त विभाग/कार्यालय की ओर से डॉ. मोनिका मरकाम चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा सेवाएँ प्रदान की गयी।

उक्त आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में कोर्ट भ्रमण के दौरान पक्षकारों व बैंक प्रबंधकों से रू-ब-रू होते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वारा स्वास्थ्य की जाँच परीक्षण कराया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य जाँच शिविर में अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में आमजनों के द्वारा अपने स्वास्थ्य की जांच/परीक्षण कराया गया और बहुतायत संख्या में लोग लाभांवित हुए है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers
For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

मुख्यमंत्री साय ने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर 353 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले में कुनकुरी विकासखंड के सलियाटोली स्थित मिनी स्टेडियम में स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर 353 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने वैदिक रीति-रिवाज से विवाह मंडप की अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रत्येक जोड़े को उपहार भेंट कर सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री साय ने सभी विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर मंगलकामना की। हमारे समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है। उन्होंने सभी नवदम्पतियों को प्रेम, विश्वास और समर्पण को अपने वैवाहिक जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी।

March 2025
Or Bearer
35,000/-
THIRTY FIVE THOUSAND RU

महिलाओं को सर्वोच्च स्थान, नारी शक्ति को नमन

मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं और बहनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही महिलाओं को सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर भी एक महिला विराजमान हैं, खेल से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी शक्ति का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी बजट तैयार किया गया है, जिसमें जशपुर के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल की घोषणा के बाद अब मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना होगी। सिरिमकेला (जशपुर) में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कोतबा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन किया जाएगा। जशपुर में फुटबॉल स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट, मिनी स्टेडियम एवं इंडोर हॉल का निर्माण होगा। कस्तूरा तहसील दुलदुला में आईटीआई की स्थापना होगी। पंडरापाट, मयाली, कैलाशगुफा, मैनपाट आदि को पर्यटन सर्किट में शामिल किया जाएगा। साथ ही मधेश्वर महादेव पर्वत के निकट मयाली पर्यटन क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जशपुर में नवीन साइबर थाना की स्थापना होगी।

353 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह में 50,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। पहले यह राशि 25,000 रुपये थी, जिसे मौजूदा सरकार ने बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया। इसमें 35,000 रुपये की प्रोत्साहन और परिवहन सहायता राशि का चेक नवविवाहित जोड़ों को सौंपा गया, जबकि शेष राशि से वर-वधू को आभूषण, श्रृंगार सामग्री, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं।

महान विभूति स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव को नमन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव का जीवन समाज सेवा, आदिवासी उत्थान और संस्कृति संरक्षण के लिए समर्पित था। उन्होंने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि हम सभी को उनके विचारों और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने 353 नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं। विधायक गोमती साय ने कहा कि आज हम सभी के लिए यह स्मरणीय दिन है, जब हमारी बेटियाँ नवजीवन की ओर अग्रसर हो रही हैं।विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हम सभी को मातृशक्ति का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत सदस्य श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्ण कुमार राय, श्री राजेश कुमार गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नागरिकों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी शहर की नई सरकार : अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कहा कि बालोद और दल्लीराजहरा शहर की नई सरकार नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी। गंगा मइया के आशीर्वाद से दोनों नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

शहर के लोगों ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरेंगे। श्री साव ने आज बालोद जिला मुख्यालय तथा दल्लीराजहरा नगर पालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। सासंद श्री भोजराज नाग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक-6 में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री तोरण लाल साहू एवं पार्षदों को अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री अजय किशोर लकरा ने शपथ दिलाई। वहीं बालोद के पुराना टाउन हॉल परिसर में आयोजित समारोह में नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी एवं पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। उन्हें एसडीएम एवं पीठासीन अधिकारी श्री सुरेश साहू ने शपथ दिलाई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दोनों नगर पालिकाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शहर के चहुँमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बालोद एवं दल्लीराजहरा केवल शहर ही नहीं हैं, यहाँ के सभी निवासी हमारा परिवार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नगर पालिकाओं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी पार्षदगण शहर के सर्वांगीण विकास तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए पूरी लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करेंगे। श्री साव ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के अनुरूप जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। पूर्व विधायकों प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, डॉ. दयाराम साहू, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव और राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन सहित बालोद और दल्लीराजहरा के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी-20 चैंपियनशिप के अंतिम चरण का आगाज : मुख्यमंत्री साय ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी-20 चैंपियनशिप के अंतिम चरण का शुभारंभ किया। इस रोमांचक लीग में भारत और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ। आज का मैच इंडिया मास्टर्स बनाम वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच खेला जा रहा है, जहां इंडिया मास्टर्स की कमान सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज मास्टर्स की अगुवाई क्रिकेट लीजेंड ब्रायन लारा कर रहे हैं। इस महामुकाबले को देखने के लिए हजारों क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम पहुंचे और अपने चहेते खिलाड़ियों के चौके-छक्कों पर उत्साह से झूम उठे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मैच शुरू होने से पहले मैदान में पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक खुशवंत साहेब और मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कॉर्पोरेट बॉक्स में बैठकर मैच का रोमांच भी देखा और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती पर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भाग लेने आए सभी महान क्रिकेट खिलाड़ियों का हृदय से स्वागत है। यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है कि हम क्रिकेट जगत के दिग्गजों को एक साथ खेलते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से प्रदेश की युवा खेल प्रतिभाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार खेल अधोसंरचनाओं के विकास और खिलाड़ियों को उन्नत सुविधाएँ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और सुविधाओं के विस्तार को देखते हुए छत्तीसगढ़ तेजी से 'स्पोर्ट्स हब' बनने की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव होगा और भविष्य में भी छत्तीसगढ़ ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करता रहेगा।

क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से मिलकर अच्छा लगा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सचिन तेंदुलकर से मुलाकात के बाद अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा कि हमने सचिन को अब तक सिर्फ टीवी पर खेलते हुए देखा था, लेकिन आज उनसे प्रत्यक्ष भेंट का अवसर मिला। यह मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण है। सचिन तेंदुलकर ने छत्तीसगढ़ आने पर खुशी व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी छत्तीसगढ़ में खेलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान और ब्रायन लारा जैसे महान खिलाड़ियों को लाइव खेलते देखना बेहद रोमांचक अनुभव था। इन दिग्गज खिलाड़ियों को देखकर छत्तीसगढ़ के युवा न केवल खेलों के प्रति प्रेरित होंगे, बल्कि अपने जीवन में भी उनसे सीख लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह आयोजन एक यादगार खेल उत्सव साबित हो रहा है, जहाँ क्रिकेट की दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी अपनी चमक बिखेर रहे हैं। राज्य सरकार भविष्य में भी ऐसे आयोजन करती रहेगी, ताकि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः नारी शक्ति का सम्मान

महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास अधूराः वन मंत्री कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

8 मार्च
अन्तर्राष्ट्रीय

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर नारी शक्ति को नमन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि माता ही प्रथम गुरु होती हैं, जिनके मार्गदर्शन में व्यक्ति सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास अधूरा है। श्री कश्यप ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन में 21 किलोमीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली ग्राम कुरूषनार की श्रीमती उर्मिला करंगा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके इस उपलब्धि पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 27 हजार 48 महिलाओं को अब तक 30 करोड़ 14 लाख 11 हजार 900 रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। इस राशि ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि जिले में सक्षम योजना के अंतर्गत 86 महिलाओं को 50 लाख 60 हजार रुपए तथा ऋण योजना के तहत 83 समूहों को 41 लाख 95 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया है। इससे महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ा है, तब-तब नारी शक्ति ने विराट रूप धारण कर उसका अंत किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017


BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183



होली के रंगों से ना आये आपकी खूबसूरती पर आंच

होली आने में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और हर कोई इसका बोसब्री से इंतजार कर रहा है. हर कोई होली के रंग में डूबना चाहता है. इससे पहले कि आप भी रंगों के इस त्योहार में खो जाएं, हम आपको बता दें कुछ ऐसे शानदार ब्यूटी टिप्स जो आपकी खूबसूरती पर किसी तरह का कोई ग्रहण नहीं लगने देंगे. आइए जानते हैं क्या है वो खास टिप्स-

बाल

बालों को रंगों के हानिकारक केमिकल से बचाने के लिए होली खेलने से पहले उनमें अच्छी तरह तेल लगा लें. इसके लिए दो बड़े चम्मच बादाम तेल में दो बूंद लैवेंडर का तेल, एक बूंद गुलाब का तेल और दो या तीन बूंद नींबू का रस मिलाकर बालों में लगा लें. ऐसा करने से आपके बालों को पोषण मिलने के साथ सुरक्षा भी मिलेगी. इससे आपके बालों को जरा भी नुकसान नहीं होगा.

त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए

हम बेहिचक होकर होली के रंगो में शामिल तो हो जाते हैं पर होली खेलने के बाद रंगों को छुड़ाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. अगर आप चाहती हैं कि इस बार आपको इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े तो दो चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी का पाउडर, एक छोटा चम्मच शहद और थोड़ा सा दूध या दही मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को रंग लगी त्वचा पर 15-20 मिनट तक लगाकर हल्के गुनगुने पानी से धो लें. इससे त्वचा से रंग आसानी से छूट जाएगा.

त्वचा की नमी

रंगों के संपर्क में आने के कारण त्वचा काफी संवेदनशील हो जाती है. ऐसे में होली के दिन कोशिश करें कि दो बार से ज्यादा न नहाएं. ऐसा करने से त्वचा की नमी खो सकती है इसके अलावा त्वचा के पीएच बैलेंस में भी काफी बदलाव हो सकता है. नहाने के बाद त्वचा पर मॉइश्चराइजर लगाना बिल्कुल न भूलें.

नाखून

रंग खेलने के दौरान आपके नाखून अत्यधिक मात्रा में रंग अवशोषित कर लेते हैं. जो बाद में देखने में काफी भद्दे लगते हैं. कोशिश करें कि होली खेलने से पहले नाखूनों पर किसा गहरे रंग की नेल पौलिश लगा लें और होली के बाद में उसे थिनर से हटा लें. ऐसा करने से आपके नाखून होली के कृत्रिम रंगों से सुरक्षित रहेंगे.

बालों को काला करते-करते थक चुके हैं, तो आजमाएं यह उपाय

> जैसा की आप लोग देख रहे हैं कि आज कल हर किसी को एक ही समस्या है, वो समस्या है बाल सफेद होना, आप लोग देख रहे हैं कि आज कल तो छोटे-छोटे बच्चों के बाल सफेद हो रहे हैं, कुछ लोग अपने बालो को काला करने के लिए न जाने क्या-क्या लगा लेते हैं, जिसके कारण उनके बाल पतले होने लगते हैं, या उनके बाल झड़ने लगते हैं।

पर हम लोग ये नही चाहते हैं कि आपके बाल सफेद हो तो इसलिए आज हम आप लोगो के लिए एक ऐसा नुस्खा लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आप अपने बाल काले कर सकते हैं। आप लोगो को बता दें कि इस नुस्खे के कोइ साइड इफैक्ट नही है।

अब हम आपको बताते हैं कि आपको इस नुस्खे को बनाने के लिए क्या-क्या सामाग्री चाहिए तो सबसे पहले आपको मेहंदी पाउडर और बादाम तेल चाहिए, अब हम आपको बताते हैं कि आपको इस नुस्खे का कैसे इसतेमाल करना है, तो सबसे पहले आप बड़ा कटोरा लें और उसमे मेहंदी पाउडर और बादाम तेल डाल कर अच्छे से मिला लें, जब इसका पेस्ट तैयार हो जाए तो आप कटोरे को गैस पर रखें और गैस को धीमी आंच पर रखें। ऐसा करने से बादाम का तेल मेहंदी पाउडर मे अच्छे से मिल जाएगा अब आप गैस को बंद कर दे और मेहंदी के पेस्ट को ठंडा होने दे अब आप इस पेस्ट को अपने बालों मे अच्छी तरह से लगा लें, अब आप इस पेस्ट को सूखने के लिए छोड़ दें और जब ये सूख जाए तो आप अपने बालों को धो लें आप लोगो को बता दें कि अगर आप इस नुस्खे को लगातार 4 सप्ताह तक करते हैं तो आपके बाल लंबे, मजबूत, काले और घने हो जाएंगे।

जान लें त्वचा को फील गुड कराने के ये फॉर्मूले

मुंहासे, फुंसी व दानों को जाने-अनजाने में बार-बार छूने से ये फैलते हैं और त्वचा पर काले दाग हो जाते हैं। आपाधापी और प्रदूषण के दौर में आदतें व तनाव हमारा लुक बिगाड़ रहे हैं। लेकिन यदि थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इन कमियों से बचा जा सकता है।

मुंहासे-फुंसीं न छुएं

मुंहासे, फुंसी व दानों को जाने-अनजाने में बार-बार छूने से ये फैलते हैं और त्वचा पर काले दाग हो जाते हैं।

व्यायाम के बाद नहाना

जब हम घर के बाहर बगीचे या मैदान में कसरत करते हैं तो पसीने में बाहरी प्रदूषण शरीर से चिपक जाते हैं। इसलिए कसरत करने के आधे से पौन घंटे बाद स्नान अवश्य करें।

अपर्याप्त नींद

पर्याप्त व गहरी नींद लेंगे तो तन व मन तनाव से बचेंगे। 'अर्ली टू बेड एंड अर्ली टू राइज' मंत्र त्वचा को भी क्षतिग्रस्त होने से बचाता है व बढ़ती उम्र का एहसास त्वचा पर नहीं होने देता।

हेयरकट में सावधानी

यदि हेयरकट से बाल आपके माथे या गाल पर रहते हैं तो सावधान हो जाएं। ये आपकी त्वचा के छिद्रों को ढंक रहे हैं।

धूम्रपान छोड़ें

स्मोकिंग से कैंसर का खतरा बढ़ता है। इतना ही नहीं यह आदत त्वचा के लिए भी खतरनाक है। स्मोकिंग करने से त्वचा को कम ऑक्सीजन मिलती है और यह सूखने लगती है। होंठ काले पड़ जाते हैं। इसलिए स्मोकिंग से तौबा करें।

बार-बार न बदलें उत्पाद

रातोंरात चमत्कार की उम्मीद में अक्सर लोग स्किन केयर उत्पाद बार-बार बदलते रहते हैं। हर उत्पाद में नया कॉम्बिनेशन और नए कैमिकल्स होते हैं। त्वचा उत्पाद बार-बार बदलने से अपेक्षित लाभ तो नहीं मिलता लेकिन त्वचा पर दाग, धब्बे व मुंहासे जरूर हो जाते हैं।

बार-बार चेहरे को न छुएं

दिनभर में हाथ कई बार बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं। जब हम चेहरे को हाथों से छूते हैं तो बैक्टीरिया व गंदगी त्वचा को खराब करती है। ऐसा करने से बचें और हाथों को समय-समय पर धोते रहें। फेशियल स्क्रब या तौलिए से रगड़कर हम सोचते हैं कि त्वचा साफहो गई। जबकि सच यह है कि ऐसा करके हम त्वचा को नुकसान पहुचाते हैं। सप्ताह में एक बार डेड सेल्स की परत हटाने से ही चेहरा साफ हो जाता है।

कीड़ा काटने पर बर्फ से करें सिकाई

कुछ कीड़ों के दंश शरीर पर जख्म कर देते हैं व कुछ रात को सोते समय काटते हैं जिनसे सुबह तक शरीर पर घाव बन जाते हैं। किसी कीड़े के काटने से त्वचा संबंधी रोग बढ़ जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को होती है क्योंकि वे अपनी तकलीफ ठीक से बता नहीं पाते। ऐसे में जरूरत होती है उनकी विशेष देखभाल की जरूरत होती है।

कीड़ों के काटने पर :

कुछ कीड़ों के दंश शरीर पर जख्म कर देते हैं व कुछ रात को सोते समय काटते हैं जिनसे सुबह तक शरीर पर घाव बन जाते हैं। वहीं ब्लिस्टर बीटल नाम के कीड़े को मसल देने पर इससे कैंथ्रेडिन नाम का पानी जैसा रसायन स्त्रावित होता है जो त्वचा पर छाले या लाल चकते कर देता है। ऐसे में उस स्थान पर जलन या खुजली होने लगती है व कई बार सूजन भी आ जाती है।

लापरवाही न करें :

इस तरह के किसी भी लक्षणों के दिखने पर सबसे पहले उस स्थान पर बर्फ से सेंक करें। यदि उससे किसी तरह का आराम न हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। कई बार बच्चों में मेडिकल हिस्ट्री या पहले से किसी बीमारी के कारण भी कीड़े के काटने पर तकलीफ गंभीर हो सकती है। जिन लोगों को पहले से एलर्जी की शिकायत है उनके लिए कई बार कीड़े का काटना जानलेवा हो सकता है। ऐसे में विशेषज्ञ के बताए अनुसार मेडिसन व इंजेक्शन का प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए इलाज में कोई लापरवाही न बरतें।

सावधानी अपनाएं :

■घर की साफ सफाई का विशेष खयाल रखें।

■बच्चों को ऐसे कपड़े पहनाएं जिनसे शरीर पूरी तरह कवर रहे।

■छोटे बच्चों को झाडियों व गंदे पानी से दूर रखें।

■रात में बच्चे को चादर उड़ाकर मच्छरदानी आदि में सुलाएं।

हफ्ते भर में ग्लोइंग स्किन के लिए फॉलो करें ये टिप्स

रायपुर (ए)। गोरा, बेदाग चेहरा पाना हर किसी कि ख्वाइश होती हैं, लेकिन भागदौड़ भरी जिंदगी में चेहरे की केयर करना मुश्किल हो जाता हैं, ऐसे में अपने चेहरे की रंगत को वापिस लाने के लिए इन टिप्स को अपनाएं

चंदन

चंदन गोरी रंगत देने के अलावा यह एलर्जी और पिंपल को भी दूर करता है। पेस्ट बनाने के लिए चंदन पाउडर में 1 चम्मच नींबू और टमाटर का रस मिलाएं और पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन में अच्छी तरह से लगा लें।

हल्दी

स्किन की खूबसूरती के लिए हल्दी का प्रयोग सबसे अच्छा तरीका है। हल्दी और बेसन या फिर आटे का पेस्ट बनाएं । ध्यान रखें कि आप खड़ी हल्दी का ही प्रयोग करें। मिक्सर में खड़ी हल्दी और थोड़ी सी ताजा मलाई डालकर पीस लें। जब पेस्ट तैयार हो जाए तब उसमें दूध और आटा मिलाएं और गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 10 मिनट लगाएं और ठंडे पानी से धो लें।

केसर

पेस्ट बनाने के लिए दही और क्रीम में थोड़ा सा केसर मिलाने की जरुरत है। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर सूखने तक लगाएं और उसके बाद गरम पानी में सोखे हुए कपड़े से चेहरे को पोंछ लें।

हनी आल्मंड स्क्रब

बादाम में वह शक्ति है जो आपकी स्किन का रंग गोरा कर सकता है। रात में 10 बादाम एक पानी भरे कटोरे में डाल कर रख दें और सुबह उठते ही उसे छील कर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट के साथ थोड़ा सा शहद मिलाएं और अब इस स्क्रब को अपनी त्वचा पर लगाएं और स्क्रब करें।

जैविक एवं प्राकृतिक कृषि से खेती होगी समृद्ध और किसान होंगे खुशहाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और ''अक्षय कृषि परिवार'' संस्था द्वारा आज यहां प्राकृतिक एवं जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कृषि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक प्रणाली के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान किसानों को छत्तीसगढ़ में तिलहन फसलों के उत्पादन के बारे में कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। कृषि सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रख्यात विचारक एवं समाज सेवी श्री भागैय्या थे और अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोज भाई सोलंकी, अध्यक्ष अक्षय कृषि परिवार, श्री गजानन डोंगे, उपाध्यक्ष अक्षय कृषि परिवार एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना उपस्थित थे।

8 मार्च 2025
कार्यक्रम स्थल - कृषक सभागार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री भागैय्या ने प्राकृतिक एवं जैविक कृषि की अवधारणा, सिद्धान्त, प्रविधि तथा इसके लाभकारी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक कृषि प्रणाली को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक कृषि से खेतों में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग होता है तथा भूमि के स्वास्थ्य एवं उर्वरता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की प्राचीन परंपराओं में ऋषि कृषि की संकल्पना निहित है, जिसमें गौ आधारित प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पद्धतियों का प्रयोग किया जाता था।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक कृषि धरती माता को स्वस्थ रखने के साथ ही फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि करती है तथा मानव, पशु-पक्षी, कीट-पतंगों, सूक्ष्म जीवों तथा पर्यावरण के स्वास्थ्य की भी रक्षा करती है। उन्होंने भूमि सुपोषण पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता जताई। श्री भागैय्या ने कहा कि अक्षय कृषि परिवार देश के विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है तथा इनके प्रयासों से देश में लाखों किसानो ने प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को अपनाया है। उन्होंने उपस्थित कृषकों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और गौ आधारित खेती करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपने खेतों पर अगली फसल के लिए जैविक पद्धति से बीज, खाद, कीट नाशक तथा अन्य सामग्री तैयार कर स्वावलंबी कृषि ओर बढ़ें।

अक्षय कृषि परिवार के अध्यक्ष श्री मनोज भाई सोलंकी ने सम्मेलन में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि की विधि, उपादानों तथा महत्व के बारे में जानकारी देते हुए खेतों पर ही जैविक खाद, कीट नाशक आदि के निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अक्षय कृषि परिवार द्वारा देश भर मे जैविक एवं प्रकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उन्हें जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। श्री सोलंकी ने कहा कि जैविक कृषि फसल एवं पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ ही फसलों की कटाई उपरान्त प्रसंस्करण एवं विपणन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की सलाह दी। अक्षय कृषि परिवार के उपाध्यक्ष श्री गजानन डोंगे ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपराएं, मान्यताएं एवं ज्ञान काफी समृद्ध है और उसमें संपूर्ण विश्व को एक इकाई मानते हुए मानव के साथ-साथ पशु-पक्षी, जीव-जनतुओं तथा पर्यावरण के सभी अंगों के संरक्षण एवं कल्याण की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि हमारे वेद पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में गौ आधारित जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों का उल्लेख किया गया है जो किसानों के साथ ही खेतों एवं पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है।

यह दुर्भाग्य है कि हमने गुलामी के दौर में पाश्चात्य ज्ञान को महत्व देते हुए अपने प्राचीन और परंपरागत ज्ञान को भुला दिया जिसकी वजह से आज कृषि, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। श्री डोंगे ने कहा कि विदेशी विचारकों का चिंतन खंडित चिन्तन है और समस्या के विशेष पहलुओं पर ही विचार करता है जबकि हमारा चिन्तन संपूर्ण चिन्तन है जो पूरे विश्व को एक इकाई मानकर धरती, प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा करने में सक्षम है। श्री डोंगे ने कहा कि हरित क्रान्ति भारत के लिए जरूरी थी लेकिन उसके कारण हमारे कई महत्वपूर्ण परंपरागत बीज कृषि प्रणाली से बाहर हो गये। इसी प्रकार श्वेत क्रान्ति ने भी हमारी बहुमूल्य देशी गौ प्रजातियों को समाप्त कर दिया। कुछ सौ साल पहले भारत का हर गांव कृषि के मामले में स्वावलंबी था जहां अनाज से लेकर दलहन, तिहलन तथा फल सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन होता था लेकिन बाजार आधारित कृषि ने गांवों को विपन्न बना दिया है।

आज हमारा देश हर वर्ष केवल खाद्य तेलो के आयात पर 75 हजार करोड़ रूपये व्यय कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता हमारी प्राचीन परंपराओं और मान्यताओं को पुनर्जीवित करने तथा उन पर अमल करने की है। प्राकृतिक एवं जैविक कृषि प्रणाली के द्वारा हम फिर से भारत को सोने के चिड़िया बनाने में समर्थ होंगे।

आज पूरा विश्व भी भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्रों तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सम्मेलन को डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. टोपलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

बलरामपुर एवं रामानुजगंज में नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

अध्यक्ष एवं पार्षदगण के
शपथ ग्रहण समारोह
में आप सभी का स्वागत है...

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत बलरामपुर एवं रामानुजगंज में नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्षों और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

बलरामपुर के बाजार पारा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का और पार्षदों को शपथ दिलाई।

साथ ही, उपाध्यक्ष पद के लिए श्री दिलीप सोनी को निर्विरोध चुने जाने पर बधाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। रामानुजगंज के गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री रमन अग्रवाल और पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर श्रीमती शीला जायसवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। कृषि मंत्री श्री नेताम ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए नगर विकास में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई।

जागृति महिला स्व-सहायता समूह बना आत्मनिर्भरता का प्रतीक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का जागृति महिला स्व-सहायता समूह आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महिला सशक्तिकरण नीतियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से इस समूह ने आर्थिक मजबूती की ओर कदम बढ़ाया है।

जागृति महिला स्व. सहायता समूह

समूह की अध्यक्ष श्रीमती निरंजना चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की गृहणियों को जोड़कर यह समूह गठित किया गया। प्रारंभ में समूह को छत्तीसगढ़ महिला कोष से केवल 5 हजार रुपए का ऋण मिला था, लेकिन उनकी मेहनत और लगन से यह सफर आगे बढ़ता गया। बाद में उन्हें 10 हजार रुपए, फिर एक लाख रुपए और अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार से 2 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ है।

इस आर्थिक सहायता ने समूह की प्रगति को रफ्तार दी और सदस्यों की इच्छाशक्ति को और मजबूत किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास के चलते जागृति महिला समूह जैसे कई महिला स्व-सहायता समूह आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह नारी शक्ति के बुलंद हौसले और उनकी मेहनत का प्रतीक हैं।

जागृति महिला स्व-सहायता समूह छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन तैयार करता है, जिनमें बड़ी, पापड़, अचार, चिप्स, लड्डू, ठेठरी, खुरमी, पपची और अइरसा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन शामिल हैं। समूह को स्थानीय ऑर्डर के साथ-साथ शादी, गोद भराई, जन्मोत्सव जैसे समारोहों में भी बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिलते हैं, जिससे उनकी आमदनी में लगातार वृद्धि हो रही है।

समूह की सदस्य श्रीमती गायत्री बाई यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह 1,000 रुपए की सहायता राशि प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि अब तक उन्हें 12 किश्तें मिल चुकी हैं, जिसने उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया है। श्रीमती यादव ने भावुक होते हुए बताया, कुछ समय पहले मेरी तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस वक्त महतारी वंदन योजना की राशि हमारे लिए संजीवनी बन गई। इस सहायता से हमने डॉक्टर की फीस और दवाइयां खरीद पाईं, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली।

जागृति महिला स्व-सहायता समूह न सिर्फ अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है, बल्कि स्थानीय समुदाय में प्रेरणा का स्त्रोत भी बन चुका है। समूह की महिलाएं आज आत्मविश्वास से भरी हुई हैं और अपनी मेहनत से परिवार और समाज में एक नई पहचान बना रही हैं।

किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनाने का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर जिला स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला में शामिल हुए। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए कृषि उत्पादन लागत को कम करना, अधिक उपज प्राप्त करना और उपज का उचित मूल्य दिलाना अत्यंत आवश्यक है। इस किसान मेले के माध्यम से किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, जैविक खेती और आधुनिक साधनों के उपयोग की जानकारी देकर उन्हें बेहतर किसानी के लिए प्रेरित किया गया।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों पर ब्याज का बोझ कम करने के लिए कृषि ऋण को 14 प्रतिशत से घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही, किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई।

मंत्री श्री कश्यप ने किसानों से ऑर्गेनिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखती है, बल्कि इससे उपज भी अधिक पोषक तत्वों से भरपूर होती है। उन्होंने किसानों को स्वास्थ्य और मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी महाराज ने आश्रम द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को केला, पपीता, साग-सब्जी और बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। स्वामी व्याप्तानंद जी ने कहा कि रासायनिक खाद के अति प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि हो सके।

नेशनल लोक अदालत में 3,150 लंबित मामलों का निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद, (छ0ग0) के सचिव, दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 24 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे।

उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 4 हजार 5 प्रकरणों में 23 लाख 20 हजार 560 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 11 हजार 390 प्रकरणों में 5 करोड़ 59 लाख 45 हजार 186 रूपए, एमएसीटी के 33 प्रकरण में. दो करोड़ 64 लाख 70 हजार, एनआई एक्ट-138 के 35 प्रकरणों में 80 लाख 65 हजार 996 रूपए तथा 35 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 31 लाख 40 हजार 814 रूपए अवार्ड पारि किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में महिला उत्थान एवं महिलाओं के कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर, जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती दुखिया निषाद, सहायक शिक्षिक श्रीमती भारती टंडन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक श्रीमती पद्मा साहू, जिला पंचायत की स्टेनो दीपमाला यदु, कम्प्यूटर ऑपरेटर ज्योति वर्मा सहित अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के अवसर पर टॉउन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती टेमरिया उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती दमयंती हरदेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशन कांति टंडन, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला खनिज अधिकारी अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी साहू, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, तहसीलदार संध्या नामदेव सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सरस्वती टेमरिया ने समाज के नवनिर्माण में महिलाओं के योगदान के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts ● Toys ● Cosmetics
Perfumes ● Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफनगर निगम ने चलाया बुलडोजर

कोरबा । शहर की बेशकीमती शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा कर निर्माण कार्य करने वालों के कथित आरोपों पर नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही का दौर एक बार फिर से शुरु हो गया हैं। लोगों की शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर चार राताखार में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। बताया जा रहा हैं की कोरबा के निगम प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफसख्त कार्यवाही एक बार फिर से शुरु कर दी हैं। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। मामला नगर निगम के वार्ड नंबर चार राताखार बस्ती का है। जहां के कुछ स्थानीय लोगों ने एक महिला द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर अवैध रुप से मकान बनाए जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद निगम का तोड़ू दस्ता मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की सहायता से मकान को तोड़ दिया। मकान को नहीं तोड़े जाने की महिला ने काफी मिन्नतें की लेकिन निगम ने उसकी एक ना सुनी और मकान को तोड़ दिया।

महिला से गाली-गलौच कर दी धमकी, अपराध दर्ज

दुर्ग। घर घुसकर एक विवाहिता से गाली-गलौच कर मारपीट का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले रिश्तेदारों के खिलाफ पुलगांव थाना में अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थीया सोनम वर्मा पति विनय वर्मा निवासी पोलसायपारा दुर्ग ने शिकायत दर्ज कराया कि दिनांक 05.03.2025 को पुरूषोत्तम वर्मा, प्रतिक वर्मा, यश वर्मा द्वारा हमारे जमीन मे कौन घुसा है बोलकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर घर के बाहर ताला लगाकर एवं जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त सभी आरोपी प्रार्थीया के चाचा ससुर व देवर है। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

अनियंत्रित बोलेरो पेड़ से टकराई, दो की मौत

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में आज सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 1 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के मुताबिक, घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर तीराहे पर घटी. हादसा इतना भयंकर था कि बोलेरो के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है, जबकि घायल महिला का इलाज अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज में जारी है. फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

वन अमले ने जब्त किया 74 नग अवैध चिरान

धमतरी। वनमण्डल धमतरी के वन परिक्षेत्र केरेगांव अंतर्गत ग्राम बनरौद में अवैध रूप से रखी कीमती लकड़ी की जानकारी वन विभाग को मिली। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने जानकारी की पुष्टि करने और इसकी जांच करने के लिए उड़नदस्ता दल गठित किया। डी एफओ के मार्गदर्शन में संयुक्त वन मंडलाधिकारी श्री मनोज विश्वकर्मा ने सर्च वारंट जारी कर वन अमले को बनरौद निवासी घनश्याम साहू के निवास पर तलाशी के लिए भेजा। वन अमले द्वारा 7 मार्च को किए गए इस तलाशी एवं अन्य प्रजाति के 74 नग चिरान 1.162 घन मीटर की अवैध लकड़ी जब्त किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़ा निर्णय, महिला आरपीएफ कर्मी अब मिर्च स्प्रे के साथ करेंगी ड्यूटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारतीय रेल की सुरक्षा में तैनात महिला आरपीएफकर्मी अब मिर्च स्प्रे के साथ ड्यूटी करेंगे। महिला यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को मिर्च स्प्रे कैन से लैस करने का निर्णय लिया है। यह गैर-घातक लेकिन प्रभावी उपकरण महिला आरपीएफकर्मियों को कठिन परिस्थितियों से निपटने में मदद करेगा, विशेष रूप से उन महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में, जो अकेले या बच्चों के साथ यात्रा कर रही हैं।

यह अभिनव कदम भारतीय रेलवे की लैंगिक समावेशन, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मिर्च स्प्रे कैन उपलब्ध कराकर, महिला आरपीएफ कर्मियों को एक अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे खतरों को रोकने, उत्पीड़न की घटनाओं का तुरंत जवाब देने और संवेदनशील स्थानों जैसे कि दूरस्थ रेलवे स्टेशनों, चलती ट्रेनों और दूरस्थ रेलवे स्थानों में आपातकालीन स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभाल सकेंगी, जहाँ त्वरित सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती।

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिलाओं के सशक्तिकरण और सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। भारतीय रेलवे लगातार महिला यात्रियों की यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय कर रहा है। हमारी महिला आरपीएफकर्मी शक्ति, देखभाल और धैर्य का प्रतीक हैं। मिर्च स्प्रे कैन से लैस करके, हम न केवल उनकी आत्मविश्वास और परिचालन क्षमता को बढ़ा रहे हैं, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी दे रहे हैं कि यात्रियों की सुरक्षा, विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आरपीएफ में 9 फीसदी महिलाओं की भागीदारी

महिला आरपीएफकर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी रेलवे की प्रभावी नीतियों का ही परिणाम है। वर्तमान में आरपीएफमें महिलाओं की भागीदारी 9ञ है, जो कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे अधिक है। इनमें से कई महिलाएँ 'मेरी सहेली' टीमों का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 250 से अधिक 'मेरी सहेली' टीमें प्रतिदिन लगभग 12,900 महिला यात्रियों से संपर्क कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। महिला आरपीएफकर्मियों की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे संकट में फंसी महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं। विशेष रूप से वे गर्भवती महिलाओं की सहायता करती हैं, जो यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा में आ जाती हैं।

2024 में 174 महिलाओं को ट्रेन में सुरक्षित प्रसव

ऑपरेशन मातृशक्ति' के तहत 2024 में अब तक 174 महिलाओं को ट्रेन में सुरक्षित प्रसव कराने में मदद की गई है, जिसमें निजता, गरिमा और समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की गई। इसके अलावा, महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान, महिला आरपीएफकर्मियों ने अपने पुरुष साथियों के साथ मिलकर काम किया और प्रयागराज में स्नान के लिए आने वाली हजारों महिला श्रद्धालुओं की सहायता की। नए उपकरण से लैस होकर, महिला आरपीएफकर्मी शक्ति, करुणा और धैर्य का प्रतीक बनेंगी और भारतीय रेलवे की महिला यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेंगी।

धर्मांतरण के आरोप में एक घर में बवाल: बजरंग दल ने किया जमकर विरोध, हंगामा के बाद मौके में पुलिस बल तैनात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर में धर्मांतरण के आरोप में टाटीबंध में बवाल हुआ है। बजरंग दल का आरोप है कि एक घर में करीब 100 से ज्यादा लोग इकट्ठे थे। जिनका धर्मांतरण कराया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विरोध जताया। आमानाका पुलिस को हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर विवाद को शांत करवाया गया।

यह पूरा मामला आमानाका थाना इलाके के टाटीबंध स्थित अनुकम्पा नगर का है। इस मामले में बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी ने बताया कि आसपास के गांव वालों ने हमें धर्मांतरण की शिकायत दी। उनके परिवार के कई सदस्यों का धर्मांतरण करवाया गया है। जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचे। टाटीबंध के पास एक घर के भीतर करीब 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। आगे उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने घर को घेर लिया। भीतर में धर्मांतरण चल रहा था। हंगामा के दौरान घर के भीतर जमकर तोड़फोड़ भी हुई है। हंगामा के दौरान घर के भीतर जमकर तोड़फोड़ भी हुई है।

पुलिस से सख्त एक्शन की मांग

इस हंगामें की सूचना मिलते ही मौके पर आमानाका पुलिस समेत भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस ने बीच बचाव कर हंगामा को शांत कराया। हंगामा के दौरान घर के भीतर जमकर तोड़फोड़ भी हुई है। इस मामले में बजरंग दल की मांग है कि धर्मांतरण करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन किया जाएं। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की जांच कर रही हैं।

डीआरएम ने किया नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की जांच

कोरबा। बंडामुंडा रेल खंड के डुमरता में 5 मार्च से शुरू किए गए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य का चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया समेत रेलमंडल के अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। डीआरएम ने पूरे कार्य को घूम घूम कर देखने के साथ ही कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। यह नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य 11 मार्च तक चलेगा।

इस कार्य में रेलवे के इंजीनियरिंग,ऑपरेटिंग ,सिग्नल एंड टेलिकॉम,ओएचई विभाग के लगभग 100 रेल कर्मी समेत बड़ी संख्या में ठेका कर्मचारी शामिल है। यह सभी लोग सात दिनों तक दिन रात मेहनत कर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य करेंगे। इस नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य में डुमरता महतो बस्ती स्थित रेल फाटक के निकट किलोमीटर संख्या 412 के निकट कुल 25 प्वाइंट लगाया जा रहा है। इन सभी प्वाइंट के लग जाने से अब डुमरता रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का जाम नहीं होगा। साथ ही डुमरता रेल स्टेशन के उप और डाउन लाइन पर दिनों ही तरफ से ट्रेनों का परिचालन हो पाएगा। जबकि इससे पहले आए दिन डूमरता रेलवे स्टेशन में जाम लग जाते थे। जिस कारण इस रूट के एकमात्र पैसेंजर तथा यात्री ट्रेन बरसुआ पैसेंजर को परिचालन में भी देरी होती थी। जांच करने पहुंचे अधिकारी।

शराब में खर्च के बजाय पत्नी को 3 हजार देगा पति

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। जिला कोर्ट परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवादित मामलों का राजीनामा से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ 02 कुटुंब न्यायालय में कुल 37 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गए थे। जिसमें से कुल 20 प्रकरणों को राजीनामा से निराकरण किया गया। राजीनामा के बाद पिछले एक साल से अलग निवासरत दंपती एक साथ रहने को राजी हुए।

दंपती को पौधे देकर घर के लिए रवाना किया गया। कोर्ट से मिली जानकारी अनुसार बालोद ब्लॉक की एक महिला का विवाह वर्ष 2016 में हुआ था। विवाह के बाद कुछ माह तक दोनों साथ रहें। जिसके बाद पति का व्यवहार बदल गया और शराब पीकर अपनी पत्नी को छोटी-छोटी बातों पर ताना मारकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। पत्नी अपने पति को शराब पीने से मना करती तो वह अपनी पत्नी को और अधिक गाली-गलौज करता था। पति शराब की लत के कारण कई लोगों से उधार में पैसा मांगा था। इस प्रकरण में पत्नी का कहना था कि पति के शराब पीने के कारण शारीरिक अक्षमता आ गई थी। इस वजह से शादी के 7 साल बाद संतान की प्राप्ति हुई। इस प्रकरण का निराकरण करने में खण्डपीठ के सदस्य अधिवक्ता रोहित साहू एवं रीता पाण्डेय का भी योगदान रहा।

दोनों पक्ष के वकील ने फ्री में पैरवी की जिला न्यायालय बालोद में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पत्नी ने जानकारी दी कि परवरिश की उपेक्षा करने के कारण आर्थिक समस्या से जूझना पड़ा। खाने-पीने से लेकर अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। महिला का पक्ष सुनने के बाद उसके लिए विधिक सहायता व पैरवी के लिए पंकज राजपूत को निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किया गया। पति को समंस प्राप्त होने के बाद उसके लिए भी प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता व पैरवी के लिए शारदा पटेल को निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किया गया। वेतन का पैसा शराब में खर्च कर देता है इस प्रकरण में पत्नी का कहना था।

माजदा वाहन पलटी, बच्ची समेत दो की मौत, 40 से अधिक घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। ग्राम सहसपुर के पास भठैला टोला में चौथिया लेकर जा रही माजदा वाहन पलट गई। हादसे में बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे की है। सूचना मिलते ही घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में रेफर किया गया।

एएसपी पुष्पेंद्र बघेल के मुताबिक, हादसे में उर्वशी साहू (14) और मुखिन साहू की मौत हुई। ग्राम सिंघनपुरी निवासी विष्णु साहू की बेटी की शादी थी। शनिवार को दो गाड़ियों में चौथी बारात सहसपुर लोहारा गई थी। माजदा वाहन में करीब 50 महिलाएं और बच्चे सवार थे। पीछे दूसरी गाड़ी में पुरुष थे। सहसपुर के पास भठैला टोला में महिलाओं से भरी माजदा अचानक पलट गई। जिला अस्पताल में सिर्फ2 एंबुलेंस हैं। मृत बच्ची का पिता चला रहा था माजदा: जिस बच्ची की मौत हुई, उसी का पिता चला रहा था माजदा। हादसे में 14 वर्षीय उर्वशी साहू की जान चली गई। माजदा वाहन उसका पिता श्रवण साहू चला रहा था। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल और तीन-चार निजी अस्पतालों में चल रहा है। रात करीब सवा 8 बजे पंडरिया विधायक भावना बोहरा अस्पताल पहुंचीं और घायलों का हाल जाना।

रायगढ़ के गजमार पहाड़ में फिर लगी आग: बुझाने के बाद देर रात फिर दिखी आग की लपटे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। रायगढ़ जिले के गजमार पहाड़ में शुक्रवार रात लगी आग अभी तक नहीं बुझी है। पंडरी पानी क्षेत्र की ओर लगी आग को काबू पाया गया, लेकिन आग की लपटें मेडिकल कॉलेज के बीच पहाड़ मंदिर तक पहुंच गई है।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जहां शनिवार को प्रभारी परिसर रक्षक समेत ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काम शुरू किया लेकिन पहाड़ मंदिर से मेडिकल कॉलेज के बीच रात होने से दूर से पहाड़ पर आग की लपटे नजर आने लगी। फिर से आग बुझाने का प्रयास जारी है।

छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल का कहना है कि गर्मी के दिनों में जंगल में आग न लगे इससे बचने के लिए वन विभाग कई कार्य करते है लेकिन इस बार ऐसा कुछ नही हुआ। उन्होंने कहा कि विभाग के सारे दावे फैल नजर आ रहे है।

गजमार की पहाड़ियों में अक्सर आग लगने की घटनाएं होते रहती है। जानकारी के मुताबिक आग लगने की यह 5वीं घटना थी। रामपुर पहाड़ तथा टारपाली-बादपाली क्षेत्र के पहाड़ के जंगल में 2 बार आग लग चुकी है। दिन में भले ही यह आग नजर नहीं आता, लेकिन शाम ढलने के बाद आग की लपटों को साफदेखा जा सकता है।

विभाग के दावों की खुल रही पोल

इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल का कहना है कि जंगल में आग न लगे, इसके लिए गर्मी से पहले फायर लाइन कटाई, वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को सक्रिय करना समेत कई कार्य किए जाते हैं। इसके लिए कुछ फंड भी आता है, लेकिन अब कार्यशाला या समिति को सक्रिय करने जैसा कुछ काम विभाग का नजर नहीं आता है।

लगातार आग लगने से विभाग के दावों की पोल भी खुल रही है। उनका कहना है कि आग कभी अपने से नहीं लगता, लापरवाही से लगती है। विभाग को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

जंगल में लगी आग को बुझाया जा रहा

रायगढ़ वन परिक्षेत्राधिकारी लीला पटेल ने बताया कि सुबह पंडरीपानी क्षेत्र के पहाड़ में आग लगने की सूचना के बाद उसे शाम तक बुझा लिया गया था। देर शाम पहाड़ मंदिर से मेडिकल कॉलेज के बीच फिर आग की जानकारी मिली है। जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उसे बुझा लिया जाएगा।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध: समाज की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक : मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ सखी वन स्टॉप सेंटर की एसओपी निर्धारित करने वाला पहला राज्य

महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल लॉन्च महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन में शामिल हुए और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ में महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं के त्याग और समर्पण के बिना कोई भी समाज और राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भारत में मातृशक्ति की पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है और छत्तीसगढ़ सरकार इस परंपरा को और सशक्त कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोई भी समाज तब तक संपूर्ण नहीं हो सकता जब तक समाज की महिलाएँ सशक्त न हों। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई नए कदम उठाए जाएँगे। महिला सशक्तिकरण की यह यात्रा सतत जारी रहेगी, क्योंकि नारी शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला कल्याण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत पिछले 13 महीनों से प्रति माह 1,000 रुपये की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित कर रही है। अब तक 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 8,488 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए भी एक नई पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब से उनका मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी।

चार नए पोर्टल और डिजिटल पहल की लॉन्चिंग

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर उत्पीड़ित एवं संकटग्रस्त महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल सुविधा की शुरुआत किया जिसके तहत वे ऑनलाइन एवं मोबाइल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री साय ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के पोर्टल, इंफ्रा पोर्टल तथा स्थापना पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिला स्व-सहायता समूहों के लिए नए अवसर

महिला मड़ई में लगे स्टॉल्स के संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि अब तक 15 से 20 लाख रुपये से अधिक की खरीद-बिक्री हो चुकी है, जो महिला उद्यमिता को दर्शाता है। उन्होंने घोषणा की कि नवा रायपुर में 200 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जाएगा, जहाँ महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बेचने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे।

सखी वन स्टॉप सेंटर की एसओपी - छत्तीसगढ़ बना पहला राज्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने सखी वन स्टॉप सेंटर की मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन किया और बताया कि छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी सहायता प्रदान करता है। अब इस सेंटर के व्यवस्थित संचालन के लिए एक मानक प्रक्रिया बनाई गई है, जिससे इसकी प्रभावशीलता और बढ़ेगी।

महिला सशक्तिकरण के लिए बजट में विशेष प्रावधान

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि अपनी नीति और संकल्प का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के राज्य बजट में महिलाओं और समाज कल्याण से जुड़ी कई योजनाओं को सशक्त किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से लेकर, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा तक हर क्षेत्र में सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है।

महिलाओं के लिए आरक्षण और नए अवसर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है।पंचायती राज संस्थाओं में पहले से ही महिलाओं को 50त्न आरक्षण प्राप्त है। अब विधानसभा और लोकसभा में भी 33त्न आरक्षण का लाभ जल्द ही महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ राजनीति से लेकर फाइटर प्लेन उड़ाने और रेल संचालन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

अजेय नारी - आराध्य नारी थीम पर हुआ महिला मड़ई का आयोजन

चार दिवसीय महिला मड़ई का आयोजन अजेय नारी - आराध्य नारी थीम पर किया गया। इसमें राज्य के 33 जिलों से आए 87 महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय किया।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी विभिन्न माध्यमों से आमजन के सामने प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पुष्पा पाटले, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, संचालक जन्मजेय महोबे, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह और आयुक्त नगर निगम विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएँ उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में आयोजित वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया शुभारंभ

निक्षय मित्र द्वारा
निक्षय पोषण आहार
सामग्री वितरण
जिला - जशपुर (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा कीमुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा कीमुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा कीमुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा कीमुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के कुनकुरी अंतर्गत सलियाटोली स्थित बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय मैदान में स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में उनकी जयंती पर आयोजित वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ी महतारी और स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रति वर्ष 8 मार्च को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के नागरिक स्वस्थ रहें और राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर हो। इसी दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए इस वर्ष के बजट में कुनकुरी में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया गया है। साथ ही जशपुर में शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बेहतर उपचार मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि किसी मरीज में गंभीर बीमारी का पता चलता है, तो सरकार द्वारा रायपुर में उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न विशेषज्ञ विभागों के काउंटरों का अवलोकन कर डॉक्टरों से चर्चा करते हुए उनके समर्पण व सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

एम्स रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक कर रहे है उपचार

उल्लेखनीय है कि यह शिविर जिला प्रशासन जशपुर द्वारा एम्स रायपुर के सहयोग से आयोजित किया गया है। शिविर में एम्स के मेडिसिन, सर्जरी, कैंसर, नाक-कान-गला, नेत्र, अस्थि, गुर्दा, चर्म, स्त्री रोग और मनोरोग के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में जांच के दौरान पाए गए गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को रायपुर रेफर कर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जा रही है । शिविर में मरीजों के सुविधा के लिए 10 पंजीयन काउण्टर, 7 जनरल ओपीडी काउण्टर, 2 लेबोरेटरी काउण्टर, सभी विशेषज्ञ विभागों के पृथक-पृथक काउण्टर सहित जनरल वार्ड की सुविधा उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री साय ने आयुष्मान कार्ड और टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया वितरण

शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना अंतर्गत सुंदर यादव, सुनिता बाई, भगवती सिंह, फ्रांसिस तिग्गा, प्लासिदियस केरकेट्टा, खिलासो बाई को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड वितरण किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों के सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिये निक्षय मित्रों को सम्मानित किया, जिनमें सीएमएचओ जशपुर डॉ. जी. एस. जात्रा को टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये, डीडीएम निरंजन प्रसाद गुप्ता को जशपुर जिले के विशेष पिछडी जनजाति (पीवीटीजी) पहाडी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय के सभी टीबी मरीजों की जिम्मेदारी लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये और भरत रत्नम खुटे को टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, जिला पंचायत सदस्य शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, राजेश कुमार गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कुनकुरी में स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुनकुरी में स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमनमुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुनकुरी में स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के कुनकुरी के बाजारडांड़ में स्थापित स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी की सात फीट ऊंची प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. जूदेव के जीवन, योगदान और समाज सेवा को दर्शाने वाली विशेष फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी का जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और आदिवासी उत्थान के लिए समर्पित था। उनकी निस्वार्थ सेवा और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव के विचार और सेवा कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि फोटो प्रदर्शनी में स्व. जूदेव के सामाजिक कार्यों, जनसेवा और विभिन्न प्रेरणादायक क्षणों को संजोया गया था, जिसे देखने बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950